# श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़
# सत्र 2026–27 में छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने हेतु निर्धारित दिशा–निर्देश

छात्रवृत्ति फार्म भरने वाले विद्यार्थी निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान पूर्व भरें ओर चैक करें, काउण्टर संख्या 13 से छात्रवृत्ति आवेदन पत्र से सम्बन्धित जानकारी का फार्म प्राप्त करके उसके अनुसार पूर्ण रूप से भरकर उसे फार्म के ऊपर लगाना सुनिश्चित करें ।

1. छात्र–छात्रायें छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में संलग्न सभी प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित छाया प्रतियाँ संलग्न करें तथा मोबाइल नम्बर वही अंकित करें जो चालू हो और बैंक, आधार से लिंक हो ।
2. माता, पिता एवं स्वयं का नाम सभी प्रपत्रों में हाईस्कूल अंकतालिका एवं आधार कार्ड के अनुसार होना चाहिए ।
3. बैंक /पोस्ट ऑफिस का नाम आई0एफ0एस0सी0 कोड एवं खाता संख्या सही भरा होना चाहिए और खाता विद्यार्थी के नाम ही होना चाहिए और बैंक राष्ट्रीयकृत होना आवश्यक है।
4. जाति एवं आय प्रमाण पत्रों की क्रमांक संख्या एवं दिनांक फार्म में सही होना आवश्यक है।
5. प्रथम वर्ष में वैब रजिस्ट्रेशन तथा अन्य वर्षो में नामांकन संख्या सही भरा होना चाहिए ।
6. पास बुक एवं सभी प्रमाण पत्रों की छाया प्रति स्पष्ट एवं सुपाठ्य होना आवश्यक है।
7. विद्यार्थी अपने हस्ताक्षर सभी निर्धारित स्थानों पर अवश्य कर दें ।
8. जन्मतिथि हाई स्कूल प्रमाण पत्रों के अनुसार ही होना आवश्यक है।
9. बी0एड0 / विधि के छात्र–छात्रायें इस आशय का प्रमाण पत्र संलग्न करें कि उन्होंने केवल एक ही व्यावसायिक पाठ्यक्रम में छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया गया है और किसी भी अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम में छात्रवृत्ति हेतु आवेदन नहीं किया है और न ही छात्रवृत्ति प्राप्त की है।
10. द्वितीय वर्ष की छात्र/छात्रायें अपने छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में प्रथम वर्ष की अंकतालिका तथा तृतीय वर्ष वाले द्वितीय वर्ष की अंकतालिका अवश्य लगायें ।
11. विवाहित छात्रा के छात्रवृति आवेदन पत्र में पति का आय प्रमाण पत्र तथा माता/पिता/संरक्षक / आवेदक स्वयं सर्विस में है तो उसकी आय का विवरण आय प्रमाण पत्र में होना आवश्यक है।
12. अनुत्तीर्ण छात्र–छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन पत्र जमा नहीं होंगे ।

**फार्म के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य है –**

1. छात्रवृत्ति आवेदन पत्र दो प्रतियों में जमा करें । संलग्न प्रथम प्रपत्र को भली–भांति पूर्व रूप से भरें ।
2. आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति जो तहसीलदार द्वारा निर्गत हो (दो प्रति)
3. पंजाब नेशनल बैंक शाखा श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ अथवा किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता विद्यार्थी के नाम ही होना चाहिए, में खाता खोलकर पास बुक की छाया प्रति (दो प्रति)
4. परिचय पत्र अथवा प्रवेश कार्ड (सफेद) की छाया प्रति (दो प्रति)
5. वर्तमान सत्र एवं प्रथम वर्ष की शुल्क रसीद की छाया प्रति (दो प्रति)
6. जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति (दो प्रति)
7. मूल निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति (दो प्रति)
8. हाईस्कूल, इण्टर, बी0ए0, एम0ए0 की अंकतालिका की छाया प्रति प्रत्येक की (दो प्रति)
9. आधार कार्ड की छाया प्रति (दो प्रति)

यदि आय प्रमाण पत्र दो जगह प्रयोग किया है तो अपने सगे भाई, बहिन के छात्रवृत्ति फार्म में प्रयोग किया है तो उसका सम्पूर्ण विवरण सहित शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक है। नवीनीकरण वाले आवेदन पत्र में एफीडेविड की छाया प्रति संलग्न करें ।

Nuk 15/08/2026

प्राचार्य
श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़